दिनांकः 30.10.2024 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेरए प्रादेषिक समाचार

- राज्य की सात विधानसभा सीटों के उपचुनाव के लिए 69 उम्मीदवार मैदान में।
- पांच दिवसीय दीपोत्सव की श्रृंखला में आज छोटी दीपावली मनाई जा रही है–राज्य के पर्यटन स्थलों पर दिवाली मनाने आए सैलानियों की भीड़।
- राज्य सरकार ने एक नवम्बर को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया–कर्मचारियों के मकान किराए भत्ते में भी बढ़ोतरी।
- लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष में प्रदेश में आज भी राष्ट्रीय एकता कार्यक्रमों के आयोजन।

000

राज्य की सात विधानसभा सीटों के उपचुनाव के लिए भरे गये नामांकन पत्रों में से 16 उम्मीदवारों ने नाम वापस ले लिये हैं। आज नाम वापस लेने का अंतिम दिन था। दौसा में 5, देवली–उनियारा और झुंझुनूं में 3–3, चौरासी और खींवसर में 2–2 तथा रामगढ़ में 1 उम्मीदवार ने नाम वापस लिया है। नाम वापसी के बाद अब सातों सीटों के लिए 69 उम्मीदवार मैदान में रह गये हैं। सबसे ज्यादा 12–12 उम्मीदवार दौसा और खींवसर में हैं। झुंझुनूं में 11 उम्मीदवार, चौरासी और रामगढ़ में 10–10, देवली–उनियारा में 8 और सलूम्बर में 6 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। उपचुनाव के लिए 13 नवम्बर को मतदान होगा। इसके मद्देनजर सातों विधानसभा क्षेत्रों में स्वतंत्र, निष्पक्ष और भयमुक्त मतदान के लिए आधे से अधिक मतदान केन्द्रों पर लाइव वेबकास्टिंग की जाएगी। निर्वाचन विभाग ने उड़न दस्तों और निगरानी टीमों के साथ ही आबकारी और परिवहन विभाग सहित अन्य प्रवर्तन एजेंसियों को अवैध नकदी, शराब और अन्य मुफ्त वस्तुओं के वितरण की धरपकड़ में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

डूंगरपुर जिले की चौरासी विधानसभा सीट के उपचुनाव को लेकर पुलिस पूरी सतर्कता बरत रही है। आज पुलिस और सीआरपीएफ के जवानों ने क्षेत्र के विभिन्न गाँवों में फ्लैग मार्च निकाला। जवानों ने आमजन को भयमुक्त, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के प्रति आश्वास्त किया।

इस बीच, उपचुनाव के तहत संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए विभिन्न जागरुकता कार्यक्रम हो रहे हैं। टोंक में आज इसी कड़ी में महिलाओं द्वारा जागरुकता रैली और कलश यात्रा के माध्यम से वोट डालने का संदेश दिया गया।

000

पांच दिवसीय दीपोत्सव के तहत आज प्रदेशभर में छोटी दीपावली मनाई जा रही है। इसे रूप चतुर्दशी और नरक चतुर्दशी भी कहा जाता है। आज विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने जलाशयों और सरोवरों में पवित्र स्नान कर धन, धान्य और सुख समृद्धि की कामना की। मंदिरों, बाजारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में रंग बिरंगे सजावटी सामान, दीये और एलईडी की जगमगाहट सभी का ध्यान आकर्षित कर रही है। कई स्थानों पर परम्परागत रंगोली और मांडणे आकर्षण का केन्द्र बने हुए है।

दीपोत्सव पर प्रदेशभर के मंदिरों, बाजारों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में अनूठी रंगत नजर आ रही हैं। बाजारो में रंग बिरंगी झालरों और लाईटों के साथ ही अलग–अलग थीम पर सजावट की गई है। दीपोत्सव को देखते हुए जयपुर शहर में आज से 2 नवम्बर तक यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। पाली

के सोमनाथ महादेव मंदिर में विशेष साज–सज्जा, आरती, अन्नकूट उत्सव और विशेष कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। ये मंदिर देवस्थान विभाग के अधीन आता है। विभाग ने मंदिर में आकर्षक रोशनी करने और विशेष अन्नकूट उत्सव परम्परानुसार मनाने के निर्देश दिये हैं।

जैसलमेर में लोकदेवता बाबा रामदेव के दरबार को कई तरह के फूलों से सजाया गया हैं। सीमा सुरक्षा बल की ओर से सीमा प्रहरियों और उनके परिवारों के लिए दिवाली मेले का आयोजन किया गया है। सिरोही के माउंट आबू में पड़ोसी राज्य गुजरात के साथ ही देश के अन्य स्थानों से पर्यटक दिवाली मनाने के लिए पहुंचे हैं।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रेदशवासियों को दीपावली और आने वाले पर्वों की शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने दीपावली, गोवर्धन पूजा और भैया दूज के उपलक्ष में अपने शुभकामना संदेश में कहा कि यह पर्व अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों का आह्वान किया है कि वे भगवान श्रीराम के महान आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात कर बेसहारा और अभावग्रस्त लोगों की मदद करने का संकल्प लें, जिससे सामाजिक समरसता की भावना मजबूत हो और देश–प्रदेश प्रगति के नए आयाम स्थापित कर सकें।

पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू ने प्रदेशवासियों को त्यौहारों की शुभकामनाएं देते हुए लोगों को सुरक्षा के प्रति आश्वासन किया है। श्री साहू ने अपने संदेश में कहा कि राजस्थान पुलिस प्रदेश में शांति और कानून और व्यवस्था को बनाए रखने, अपराधों पर लगाम कसने तथा जनसुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।
प्रदेश के विभिन्न जिलों के कलेक्टर्स ने भी अपने जिलेवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं दी हैं। सभी जिला कलेक्टरों ने लोगों से त्यौहारों पर सामाजिक सद्भाव और भाईचारा बनाए रखने की अपील की है। हनुमानगढ के जिला कलेक्टर कानाराम ने इस मौके पर लोगों से नशे से दूर रहने का आग्रह किया है। उन्होंने लोगों से मुख्यमंत्री आरोग्य योजना में पंजीकरण कराने को भी कहा है।

000

त्यौहारों पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए उत्तर–पश्चिम रेल की ओर से 50 विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। साथ ही, अन्य ट्रेनों में 148 अतिरिक्त कोचों की अस्थाई बढ़ोतरी की गयी है। उत्तर–पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि ट्रेनों में यात्री भार और वेटिंग की लगातार समीक्षा की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्लेटफॉर्म पर रेलवे सुरक्षा बल के अतिरिक्त जवानों को तैनात किया गया है ताकि प्लेटफॉर्म पर चलती गाड़ी के दौरान कोई यात्री चढ़ने की कोशिश नहीं करे। साथ ही ट्रेनों के प्लेटफॉर्म को अचानक बदले जाने पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है।

000

राज्य सरकार ने आज एक आदेश जारी कर दिपावली पर्व के अवसर पर एक नवम्बर का सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। सामान्य प्रशासन विभाग के शासन सचिव जोगाराम की ओर से यह आदेश जारी किये गये हैं। राज्य सरकार ने आज एक अन्य फैसले में कर्मचारियों के मकान किराया भत्ता भी बढ़ा दिया है। वित्त विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार अब कर्मचारियों को वाय श्रेणी के शहरों के लिए 20 प्रतिशत और ज़ेड श्रेणी के शहरों के लिए 10 प्रतिशत मकान किराया भत्ता मिलेगा।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री आवास पर हुई इस मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने श्री मोदी को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए देशवासियों की खुशहाली की कामना की।

000

दिवाली विद माय भारत की पहली वर्षगांठ पर प्रदेश में विभिन्न आयोजन हो रहे हैं। सवाईमाधोपुर में नेहरू युवा केंद्र और कनफेडरेशन ऑफ़ ऑल इंडिया ट्रेडर्स की ओर से शहर के महावीर पार्क, अंबेडकर सर्किल और सब्जी मंडी चौराहा के आस–पास श्रमदान किया गया। इस अवसर पर लोगो को स्वच्छता के प्रति जागरुक किया गया और शपथ दिलाई गई।

000

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की कल जयंती है। ये दिन राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस अवसर पर अपने संदेश में कहा कि आधुनिक भारत के निर्माता सरदार पटेल ने राष्ट्र को अखण्ड बनाए रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सरदार पटेल की जयंती के उपलक्ष में देशभर में सतर्कता जागरुकता सप्ताह मनाया जा रहा है।

इसी के तहत आज बीकानेर में पंजाब नेशनल बैंक की ओर से वॉकेथॉन का आयोजन किया गया। केन्द्रीय विधि और कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने वृद्धजन भ्रमण पथ के आगे से हरी झंडी दिखाकर वॉकेथॉन को रवाना किया। इस अवसर पर श्री मेघवाल ने कहा कि केन्द्रीय सतर्कता आयोग द्वारा सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि' के उद्देश्य से 28 अक्टूबर से 3 नवम्बर तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

राष्ट्रीय एकता दिवस के सिलसिले में आज प्रदेश के कई जिलों में कार्यक्रम हुए। नीम का थाना में जिला कलेक्टर ने अधिकारियों और कर्मचारियों को शपथ दिलाई।

000